# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 11.7.26 | 4 | 1-4 |

# एचएयू में प्रवेश परीक्षा कल, 17 केंद्र बनाए

## एडमिट कार्ड जारी, 8762 ने किया है आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर


हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 12 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए 8762 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के लिए 17 केंद्र बनाए गए हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय और कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों पर बैठने और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि परीक्षा में नकल रोकने के लिए विशेष निरीक्षण दल गठित किए गए हैं। अभ्यर्थियों की फोटोग्राफी भी की जाएगी और दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड और सत्यापित फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मोबाइल फोन, कैलकुलेटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम और बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगी जबकि अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा।

### नकल रोकने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था की गई



एचएयू का प्रवेश द्वार। आर्काइव

## नेशनल टीचर अवॉर्ड के लिए 100 अंक की कसौटी पर होगी शिक्षकों की परख

### आवेदन प्रक्रिया खत्म, अब जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन

हिसार। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से नेशनल टीचर अवॉर्ड-2026 के लिए ऑनलाइन सेल्फ नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुक्रवार को समाप्त हो गई। अब जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चयन प्रक्रिया शुरू होगी। अंतिम रूप से चयनित शिक्षकों को 5 सितंबर, शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार सबसे पहले प्राप्त आवेदनों और शिक्षकों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। उपलब्धियों, नवाचारों, शैक्षणिक कार्यों और अन्य प्रमाणों की जांच के बाद पात्र आवेदनों को अगले चरण के लिए भेजा जाएगा। इस प्रक्रिया में सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, सीआईएससीई और अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों के पात्र शिक्षकों के आवेदन शामिल हैं।

शिक्षकों का मूल्यांकन 100 अंकों के निर्धारित मानदंड के आधार पर किया जाएगा। इसमें कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार, नवाचार, डिजिटल तकनीक का प्रभावी उपयोग, समावेशी शिक्षा, विद्यालय के विकास में योगदान, सामुदायिक सहभागिता और नेतृत्व क्षमता को प्रमुख आधार बनाया गया है। अपलोड किए गए दस्तावेज, फोटो, वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अंक दिए जाएंगे। संवाद

### राष्ट्रीय स्तर पर अंतिम चयन

जिला और राज्य स्तर की चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र शिक्षकों के नाम केंद्र सरकार को भेजे जाएंगे। इसके बाद राष्ट्रीय चयन समिति अंतिम मूल्यांकन कर पुरस्कार विजेताओं की सूची तैयार करेगी। मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ उनके नवाचार, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य को देशभर के शिक्षकों के लिए प्रेरणा के रूप में स्थापित करना है।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 11.7.26 | 9 | 8 |

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा कल, तैयारियां पूरी

- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित शहर में बनाए गए हैं 17 परीक्षा केंद्र
- विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8762 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर 4 वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज के लिए 12 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8762 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए एचएयू सहित शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में निगरानी के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। हर उम्मीदवार की फोटोग्राफी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 11.7.26 | 4 | 1-2 |

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी, कल होगी परीक्षा

हिसार, 10 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बी.एस.सी. आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज के लिए 12 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8762 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने एवं अन्य समुचित प्रबंध करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

## परीक्षा केन्द्रों पर किए जाएंगे पुख्ता प्रबंध: डॉ. पवन कुमार

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 11.7.21 | 4 | 1-4 |

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा 12 को, 17 सेंटर बनाए

- 8762 उम्मीदवारों ने विभिन्न कार्सो में दाखिले के लिए किया आवेदन
- समुचित प्रबंध के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई
- परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी कराई जाएगी

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को होगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसमें बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलाजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलाजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलाजी, स्टेटिसटिक्स व जूलाजी, कालेज आफ बायो-टेक्नोलाजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलाजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मालीक्यूलर बायोलाजी एंड बायो-टेक्नोलाजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सेज की परीक्षा होगी। एडमिट कार्ड भी जारी कर दिए गए हैं।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8762 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने एवं अन्य समुचित प्रबंध करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

कुलसचिव डा. पवन कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी।

## उपकरण लाने पर पाबंदी

परीक्षा नियंत्रक डा. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलेक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा। उम्मीदवारों को एक घंटा पूर्व (9 बजे तक) अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 11.7.26 | 1 | 1-3 |

17 केंद्रों पर परीक्षा देंगे 8762 छात्र, सुबह 9 बजे बंद होंगे सेंटर के गेट

# एचएयू प्रवेश परीक्षा कल, बिना सत्यापित फोटो एडमिट कार्ड के नहीं मिलेगी एंट्री

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर (4 वर्षीय), एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट और कॉलेज ऑफ बेसिक साइंसेज व बायोटेक्नोलॉजी के विभिन्न कोर्सेज में दाखिले का काउंटडाउन शुरू हो गया है। कल यानी 12 जुलाई को होने वाली इस प्रवेश परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इस बार 8,762 छात्र अपनी किस्मत आजमाएंगे। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी हो चुके हैं। वीसी प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए यूनिवर्सिटी कैंपस और शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## हर छात्र की फोटोग्राफी होगी, हेल्प डेस्क बनाई


कुलसचिव डॉ. पवन कुमार के मुताबिक परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर या ब्लूटूथ ले जाना सख्त मना है। इसके साथ डाउनलोड किए एडमिट कार्ड पर अपनी लेटेस्ट सत्यापित (अटेस्टेड) फोटो जरूर लगाएं। बिना इसके अंदर जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। परीक्षा हॉल में सीट पर बैठे हर उम्मीदवार की अलग से फोटोग्राफी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि परीक्षार्थियों को सुबह 9 बजे तक हर हाल में अपने निर्धारित सेंटर पर पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने से ठीक एक घंटे पहले एंट्री बंद कर दी जाएगी। बीएससी 4 वर्षीय और बीएससी ऑनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा होगी। अन्य कोर्सेज बायोटेक व मौलिक विज्ञान की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने या सेंटर ढूंढने में कोई भी दिक्कत आने पर छात्र परेशान न हों। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इसके लिए विशेष हेल्प डेस्क बनाई है। फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) कार्यालय में। समय: सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक अधिकारी मौजूद रहेंगे। परीक्षार्थी इस फोन नंबर: 01662-255254 पर कॉल कर सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स | 09.07.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि में विभिन्न कोर्सिज में प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी, 12 को होगी परीक्षा

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएमसी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी, कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स,



मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी कोर्सिज के लिए 12 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 8762 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने एवं अन्य समुचित प्रबंध करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

## नकल पर रोक के लिए विशेष निरीक्षक दलों का किया गठन

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में नकल करने तथा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे इलैक्ट्रोनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। परीक्षा का समय बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम व बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट के लिए प्रातः 10 से दोपहर 1:30 बजे तक जबकि शेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा।